बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

बीईएमएल ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

बीईएमएल लिमिटेड, जो एक रक्षा सार्वजनिक उपक्रम है, 31 अक्टूबर से 7 नवंबर 2022 तक 'विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2022 मना रहा है।

श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सतर्कता सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर श्री एम वी राजशेखर, निदेशक (खनन एवं निर्माण), श्री ए के श्रीवास्तव, निदेशक (रक्षा), श्री अनिल जेरथ, निदेशक (वित्त), श्री डी वेंकटेश्वर रेड्डी आईआरएस, सीवीओ उपस्थित थे। बाद में श्री बनर्जी ने सामूहिक कार्यालय, बीईएमएल सौधा में वीएडब्ल्यू की स्मृति में एक पौधा 'सतर्कता वृक्ष' लगाया। इसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया

श्री अमित बनर्जी, सीएमडी, बीईएमएल सतर्कता सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाते हुए दर्शित हैं

सतर्कता पर जागरूकता फैलाने के लिए, विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किए गए हैं। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान सतर्कता संबंधी विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, प्रशिक्षण, कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी और उनके बच्चों के लिए निबंध लेखन, पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिताएँ और पोस्टर बनाने और अन्य गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है।

इसके अलावा बीईएमएल वॉकथॉन का आयोजन कर रहा है और भ्रष्टाचार मुक्त समाज पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सतर्कता मंच के वॉकथॉन से भी जुड़ रहा है।

बीईएमएल मीडिया रिलीज
31 अक्टूबर 2022